on line Proposal No. FP/HP/Road/11020/2015

कार्यालय ग्राम पंचायत मसरूर
विकास खण्ड नगरोटा सूरिया
तहसील हरिपुर जिला काँगड़ा

प्रस्ताव संख्या 04 | दिनांक 05-06-2024

विषय :- मसरूर से घरियार संपर्क मार्ग हेतु आवेदन 1

सर्व समिति ने प्रस्ताव पारित हुआ कि ग्राम पंचायत मसरूर के अंतर्गत उपरोक्त कच्ची सड़क सन 1980 से पहले की बनी हुई है 1 उकत सड़क वन विभाग की भूमि से होती हुई गाँव घरियार तक जाती है 1 उकत सड़क का निर्माण वर्ष 1970 के करीब हुआ था 1 उस समय बहुत घना जंगल होने के कारण हर गर्मियों के मौसम में इस जंगल में आग लग जाती थी 1 गांव घरियार को आग से बचाने के लिए वन विभाग ने पंचायत के साथ मिलकर फायरलाइन के रूप में कच्ची सड़क बनाई गयी थी, ताकि गांव को आगजनी से बचाया जा सके 1 वर्ष 1977-78 में इस घने जंगल की लकड़ी के कटान के लिए निविदा आमंत्रित की गयी थी 1 जंगल कटान का कार्य प्रीतम सूद ठेकेदार जो कि जवालाजी के रहने वाले थे, उन्हें यह आवंटित हुआ था 1 उस समय उकत सड़क को वाहन योग्य चौड़ा किया गया था, तथा जंगल की सारी लकड़ी इस मार्ग से बाहर निकाली गयी थी 1 उसके बाद से गांव के लोग, वन विभाग व दूसरे विभाग भी सड़क का इस्तेमाल करते आए हैं, और गांव घरियार को सरकारी सुविधांए उकत मार्ग से ही मिलती रही है, पर आज तक गांव के लिए पक्की सड़क नही बन पाई 1 क्योंकि उकत सड़क की भूमि वन विभाग के अधीन है, पत्र में उपर लिखित सभी बातों के निम्नलिखित गांववासी प्रत्यक्ष रूप से गवाह है 1 अत: माननीय वन मंडल अधिकारी देहरा जी से अनुरोध है कि ग्राम पंचायत मसरूर के अंतर्गत उपरोकत गांव के लिए पक्की सड़क का निर्माण किया जाए या अनापत्ति प्रमाण पत्र एवम् उपरोकत ठेकेदार को जंगल के कटान का परमिशन लैटर (अनुमति पत्र) दिया गया था, उसकी प्रति जारी करने की कृपा करे 1

प्रतिलिपि

नाम
मुन्शी राम
राम सरन
सन्तोष सिंह
बन्सी लाल
सेवर सिंह
तुलसी राम
राम सिंह

P.T.O

हस्ताक्षर
मुन्शी राम
राम सरन
सन्तोष सिंह
सेवर सिंह
Tulsiram
राम सिंह

प्रतिलिपि :-
1) माननीय मुख्यमन्त्री हि०प्र० सरकार शिमला जी की सेवा में प्रेषित है।
2) माननीय जिलाधीश महोदय कांगड़ा स्थित धर्मशाला जी की सेवा में प्रेषित है।
3) माननीय अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग देहरा जी की सेवा में सेवा में प्रेषित है।
4) माननीय वन मण्डलाधिकारी देहरा जी की सेवा में प्रेषित है।

प्रधान ग्राम पंचायत मसरूर